# स्टेट जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की 57 वीं बैठक

## चर्चा में क्यों?

29 मार्च, 2023 को जयपुर सचिवालय में स्टेट जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की 57वीं बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता राज्य माइंस विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने की।

## प्रमुख बिंदु

- बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य में योजनावद्ध खनिज एक्सप्लोरेशन और खनिज ब्लॉकों की नीलामी के परिणामस्वरूप ही पेट्रोल-प्राकृतिक गैस की खोज व दोहन के साथ ही अब देश दुनिया के नक्शे पर जैसलमेर सीमेंट हब के रूप में विकसित होने जा रहा है।
- इसके अलावा प्रदेश में यूरेनियम, रेयर अर्थ एलमिंट्स, लाईम स्टोन, लिग्नाइट, आयरन ओर, कॉपर, जिंक, गारनेट आदि के नित नए भंडार खोजे जा रहे हैं।
- डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2023-24 में खनिज लाईम स्टोन, फेरस मेटल, डेकोरेटिव स्टोन, औद्योगिक खनिज एवं अन्य खनिजों की खोज हेतु 31 विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कार्य किया जाएगा तथा सेमी प्रेसियस स्टोन के भंडारों के कार्य को भी गति दी जानी है।
- बैठक में एक्सप्लोरेशन और मेजर व माइनर ब्लॉक्स तैयार करने के कार्य में जियोलॉजी विंग के कार्यों को रेखांकित किया गया। राज्य का ध्येय ओडिशा की बेस्ट प्रेक्टसिज का अध्ययन कराकर राज्य के लिये व्यावहारिक प्रक्रिया को अपनाना है, ताकि माइनिंग क्षेत्र में राजस्व अर्जन में भी देश का अग्रणी प्रदेश बन सके।
- विभाग द्वारा राजस्व अर्जन में भी साल दर साल प्रगति करते हुए मेजर और माइनर ब्लॉकों की अधिक से अधिक नीलामी से वैध खनन को बढ़ावा मिला है तो राजस्व और रोज़गार में बढ़ोतरी हुई है।
- निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि राज्य के आर्थिक व औद्योगिक विकास के साथ ही कृषि क्षेत्र में खनिज क्षेत्र द्वारा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। रॉक फास्फेट के विपुल भंडारों के साथ ही जिप्सम आदि से मिनिरल फर्टलाइजर तैयार हो रहे हैं, वहीं अब पोटाश के खोज कार्य को और अधिक गति दी गई है, ताकि योजनाबद्ध तरीके से पोटाश का खनन शुरू कर विदेशों से आयात पर निर्भरता कम की जा सके।
- राज्य में खनिज क्षेत्र में सराहनीय कार्य हो रहा है। जीएसआई द्वारा भी जियोफिजिकल, जियोकेमिकल, ग्राउंड जियोफिजिकल और एरो जियोफिजिकल कार्य हो रहा है। प्रदेश में बहुमूल्य खनिजों के भंडार खोजे गए हैं और खोज कार्य जारी है तथा आरएसएमईटी के सहयोग से प्रदेश में एक्सप्लोरेशन कार्य को और अधिक गति दी जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/57th-meeting-of-state-geological-programming-board